तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 26.9 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

05 शराब दुकानों के अहातों के लिए लाइसेंसधारियों का चयन ...



08 डिप्टी सीएम शर्मा बोले- ऐसी टिप्पणी की है अब...



# स्पेशल ट्रेनों ने बिगाड़ी एक्सप्रेस की चाल, 18 घंटे लेट होने पर रद्द करनी पड़ रही ट्रेन

## पटरियों पर बढ़ गया ट्रेनों का परिचालन, समय पर नहीं पहुंच रही एक भी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से पटरियों पर ट्रेनों की संख्या पहले से बढ़ गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जहां अभी तक 58 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है, वहीं दूसरे जोन में भी 50 से अधिक स्पेशल ट्रेन दौड़ गई हैं। इस वजह से नियमित एक्सप्रेस ट्रेन समय पर नहीं पहुंच रही है। हरिभूमि ने गुरुवार को रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों की पड़ताल की। दिनभर में दोपहर 12 से रात 9 बजे तक 40 से अधिक ट्रेन गुजरीं, जिनमें 80 फीसदी ट्रेन अपने समय पर नहीं पहुंचीं। दिल्ली और मुंबई से आने वाली ट्रेन 5 से 6 घंटे विलंब से चलीं। आजाद हिंद एक्सप्रेस 20 घंटे तक देर से पहुंची। तेज गर्मी में ट्रेन का इंतजार करते स्टेशन में यात्रियों का पसीना छूट रहा है। जानकारी के मुताबिक लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब होने के पीछे पटरियों पर ट्रेनों को ट्रैफिक बढ़ना बताया जा रहा है। साथ ही जगह-जगह पर पटरियों का काम भी शामिल है।

**धीमी रफ्तार से चल रही ट्रेनः** गुरुवार को बार-बार आउटर में रोके जाने से रायपुर से गुजरने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस कई जगहों पर आधे घंटे में महज 10 से 15 किमी की दूरी तय कर पाई। चार घंटे देर से चल रही शालीमार एक्सप्रेस को भाटापारा से रायपुर ▶▶| शेष पेज 8 पर

### कटनी रूट से आने वाली ट्रेन सर्वाधिक लेट

पटरियों पर इन दिनों रेगुलर लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ स्पेशल ट्रेन दौड़ रही हैं। पटरियों के काम के कारण बिलासपुर के आगे कटनी रूट पर कई जगहों पर लाइन सिंगल हो जाती है। इस वजह से एक ट्रेन को रवाना करने दूसरी ट्रेनों को आउटर में खड़ा होना पड़ रहा ▶▶| शेष पेज 8 पर



### विलंब होने का नया रिकॉर्ड बना रही ट्रेन

गुरुवार को हावड़ा, पुणे, दिल्ली और उत्तरप्रदेश से आने वाली ट्रेनें देर से आ रही हैं। इसके कारण बिलासपुर और कोरबा से छूटने वाली ट्रेनों को देर से रवाना किया जा रहा है। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के मुताबिक पुणे से चलकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 2.40 बजे रायपुर पहुंचती है, लेकिन वह 20 घंटे देर से चल रही है। इस कारण गुरुवार को सुबह 10.13 बजे पहुंची। छपरा से चलकर गोंदिया जाने वाली समर स्पेशल शाम 5.40 बजे पहुंचती है, लेकिन उसके 15.34 घंटे देर से सुबह 9.14 बजे पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। हावड़ा से चलकर पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस सुबह 10.50 बजे आती है, लेकिन 14.13 घंटे देर से रात एक बजे आई।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से रेप 20 साल कैद

**रायपुर।** नाबालिग से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लवकेश प्रताप सिंह बघेल की फास्ट ट्रैक कोर्ट पाक्सो ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक खरोरा निवासी रिकेश कुमार साहू को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। रिकेश दो वर्ष पूर्व 6 जनवरी 2022 को गांव की एक किशोरी को शादी करने का प्रलोभन देकर अपहरण कर अपने साथ ले गया और किशोरी के साथ रेप किया।

### ऑफिस से 30 हजार पार

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक ऑफिस संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ ऑफिस के दराज में रखे नकद 30 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजातालाब निवासी मो. फरहान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फरहान ने पुलिस को बताया कि लोधीपारा में उसका ऑफिस है, अज्ञात चोर एग्जास्ट पंखे को तोड़कर ऑफिस के अंदर दाखिल हुआ और दराज में रखी नकदी रकम चोरी कर ले गया।

### प्रतिबंधित टेबलेट जब्त आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 160 नग नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस के मुताबिक सोयम शर्मा उर्फ विजय के कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार सोयम प्रतिबंधित टेबलेट को बेचने ग्राहक तलाश रहा था। इसी दौरान कोटा सरकारी स्कूल के पास पुलिस ने उसे टेबलेट बेचते गिरफ्तार किया।

### पानी भरने के विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रावांभाठा निवासी बबीता मंडल ने बबली तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## दक्ष सेंटर से आधुनिक कैमरों से शहरभर की निगरानी का बनाया सिस्टम

# पांच साल में शहर को स्मार्ट बनाने 400 करोड़ से ज्यादा खर्च, जून में काम खत्म, पर कई आधे-अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 साल में 419 करोड़ के प्रोजेक्ट पूरे किये, जबकि आधा दर्जन प्रोजेक्ट अभी अधूरे हैं। इन्हें जून से पहले पूरा करना स्मार्ट सिटी के अफसरों के लिए बड़ी चुनौती है। इनमें 15 वार्डों में 24 घंटे भरपूर पानी पहुंचाने की योजना, 7 प्रमुख मार्गों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम, बहुमंजिला शास्त्री बाजार, नये मटन मार्केट का निर्माण, 3 तालाबों में गंदा पानी साफ करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना प्रमुख है। ये ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जो 3 साल बाद भी ▶▶| शेष पेज 8 पर







### बहुमंजिला जवाहर बाजार सह पार्किंग परिसर

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित ऐतिहासिक जवाहर बाजार को स्मार्ट सिटी के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बहुमंजिला बाजार के रूप में विकसित किया गया है। इसमें 69 पुराने व्यावसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नई दुकानें उपलब्ध कराई गई हैं। बाजार परिसर की ऐतिहासिक पहचान को बरकरार रखने मुख्य द्वार की बनावट को यथावत रखा गया है। लिफ्ट, सीसीटीवी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### शहर ने स्मार्ट सिटी के रूप में इन सुविधाओं को पाया

145 करोड़ का दक्ष कंट्रोल सेंटर रायपुर स्मार्ट सिटी ने राजधानी के जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर शहरभर के प्रमुख चौराहों में पल-पल की गतिविधियों की हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का सिस्टम बनाया है। दक्ष कंट्रोल सेंटर से प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा एक क्लिक पर आधुनिक सिस्टम से 24 घंटे शहरभर की सुरक्षा की जानकारी मिनटों में जुटाई जा रही है। आपात स्थिति में जरूरतमंदों की सहायता, विशेष अवसरों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति ▶▶| शेष पेज 8 पर

### आनंद समाज वाचनालय का रेनोवेशन, नालंदा की तर्ज पर तक्षशिला का निर्माण

शहर के ऐतिहासिक आनंद समाज वाचनालय का जीर्णोद्धार कर उसे नया स्वरूप देने और सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने नये सभागृह का निर्माण रायपुर स्मार्ट सिटी ने कराया है। नई प्रकाश व्यवस्था, भवन का रंगरोगन और पुरानी किताबों को संरक्षित करने उसे डिजिटल स्वरूप देने का काम इस दौरान किया गया। इसी तरह मोतीबाग के पास युवाओं के लिए स्मार्ट रीडिंग लाइब्रेरी की व्यवस्था करने तक्षशिला परिसर का निर्माण हुआ है। यहां 600 युवा एक साथ बैठकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं।

# रामअवतार जग्गी हत्याकांड में शामिल चार अभियुक्तों ने कोर्ट में किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हत्याकांड में शामिल 28 में से 14 लोगों ने किया है अब तक सरेंडर

दो दशक पूर्व रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट द्वारा सजा यथावत रखे जाने के बाद जमानत पर चल रहे चार अन्य अभियुक्तों ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर किया। हत्याकांड में आरोपी बनाए गए 28 में से 14 आरोपियों ने अब तक कोर्ट में सरेंडर किया है। हाईकोर्ट के फैसला सुनाए जाने के एक सप्ताह के भीतर आरोपियों को कोर्ट में सरेंडर करना था, बावजूद इसके आरोपियों ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए अब तक सरेंडर नहीं किया है।

हत्याकांड में शामिल जिन लोगों ने कोर्ट में सरेंडर किया है, उनमें संजय सिंह खुशवाह, नरसिंह प्रसाद शर्मा, अनिल उर्फ प्रमोद कचौरी के साथ सत्येंद्र सिंह तोमर के नाम शामिल हैं। ▶▶| शेष पेज 8 पर

# महाराजबंध तालाब के पास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जून तक होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बूढ़ातालाब और महाराजबंद तालाब को रोज मिलेगा 30 लाख लीटर साफ पानी

राजधानी के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब और महाराजबंध तालाब अब बारहों महीना लबालब पानी के साथ अपनी सुंदरता बिखेरेंगे। महाराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी साफ कर तालाब में छोड़ने से लोगों को निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलेगा। सरोवर धरोहर को संवारने और वाटर रीचार्ज करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 10 करोड़ का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट महाराजबंध के पास लगवा रहा है। इसका काम जून तक पूरा होगा, इसके अंतिम सप्ताह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल किया जायेगा।

दरअसल, महाराजबंध तालाब और बूढ़ातालाब में भूजल स्तर को बनाए रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड महाराजबंध के पास 3 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसके लिए पुणे की एजेंसी समृद्धि वाटर वर्कस प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया है। इस प्लांट से महाराजबंध तालाब में आ रहे गंदे नालों के पानी को शुद्ध कर पुनः तालाब ▶▶| शेष पेज 8 पर

अंतिम सप्ताह में ट्रायल



### 3 नालों के गंदा पानी से तालाब दूषित

महाराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालाब के जल को दूषित करता रहा है। इसमें वीरभद्र नगर नाला, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रास होने वाले नाले का पानी सीधे तालाब में बहकर जाता है। यही वजह है महाराजबंध तालाब का पानी पीने के लायक नहीं रहा। जानकारों का कहना है, पहले इस तालाब का पानी इतना साफ हुआ करता था कि आसपास के लोग ▶▶| शेष पेज 8 पर

### बूढ़ातालाब को भरने एक भी इंटेक नहीं

शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण के काम में रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने दो अलग-अलग चरणों में 29 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, पर तालाब को रीचार्ज करने का सिस्टम अब तक विकसित नहीं कर पाए। यही नहीं, सबसे बड़ी विडंबना ये है कि बूढ़ातालाब को पानी से भरने एक भी इंटेक नहीं बना है, जबकि बारिश के समय इस तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर नाले से होते हुए बहकर बेकार चला जाता है। महाराजबंध तालाब में नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ▶▶| शेष पेज 8 पर

### जून तक पूरा होगा काम

महाराजबंध तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम जून तक पूरा होगा। अंतिम सप्ताह में एसटीपी का ट्रायल करेंगे।

**- अमित मिश्रा**, प्रोजेक्ट प्रभारी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## एक वर्ष पूर्व आजाद चौक थाना क्षेत्र की घटना

# दो हजार रुपए लेन-देन के विवाद पर हत्या, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व महज दो हजार रुपए लेन-देन के विवाद पर युवक की हत्या करने वाले को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल वाहिद कुरैशी की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मौके पर उपस्थित मृतक के दोस्तों के बयान के आधार पर कैद की सजा सुनाई है।



लोक अभियोजक मनोज वर्मा के मुताबिक प्रियांशु अग्रवाल की हत्या के आरोप में कोर्ट ने ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ऐसे घटना घटित हुई

प्रियांशु के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वो शाम के समय समता कालोनी स्थित एक चाय दुकान में चाय पीने के लिए गए थे। इसी दौरान रोहित, प्रियांशु के पास पहुंचा और विवाद करने लगा। विवाद के दौरान रोहित ने आवेश में आकर प्रियांशु को मारने की धमकी देते हुए कैंची से जांघ पर वार कर दिया। इसके बाद रोहित, प्रियांशु पर और वार करता, इसके पहले मौके पर उपस्थित प्रियांशु के दोस्तों ने रोहित को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर उपस्थित ▶▶| शेष पेज 8 पर

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच
सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL
Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...
50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये
प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।
DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711
BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595, 0788-4064100



# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ...






## परशुराम शब्द का अर्थ

परशुराम दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है, परशु अर्थात "कुल्हाड़ी" तथा "राम" इन दो शब्दों को मिलाने पर "कुल्हाड़ी के साथ राम" अर्थ निकलता है, जैसे राम, भगवान विष्णु के अवतार हैं, उसी प्रकार परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं. इसलिए परशुराम को भी विष्णुजी तथा रामजी के समान शक्तिशाली माना जाता है।

परशुराम के अनेक नाम हैं, इन्हें रामभद्र, भार्गव, भृगुपति, भृगुवंशी (ऋषि भृगु के वंशज), जमदग्न्य (जमदग्नि के पुत्र) के नाम से भी जाना जाता है।































Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

**लाइव इवेंट**


## वेदमती शैली में हाथ में तमूरा-करताल लेकर पेश किए द्रौपदी स्वयंवर संवाद



**रायपुर।** आदि पर्व की कथा को वेदमती शैली में गीत-संगीत के साथ सुनने और भाव-भंगिमाओं को देखने के लिए कला प्रेमियों की भीड़ पंडवानी के लिए सजाए गए मंच के सामने गुरुवार की रात 8 बजे से देखने को मिली। डंगनिया स्थित भगवान परशुराम मंदिर में इस बार भी जन्मोत्सव व वार्षिक उत्सव की श्रृंखला में लोग शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज द्वारा सजाए गए 5 दिवसीय उत्सव की श्रृंखला अब आगे बढ़ रही है। उत्सव में दूसरे पायदान पर दर्शकों के बीच बालोद के पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी ने द्रौपदी स्वयंवर के संवादों को भाव-भंगिमाओं के साथ सजाए गए मंच पर प्रस्तुत किया।

रागी परसराम यादव ने भी रोचक अंदाज में आदि पर्व की कथा और संवादों से लोगों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। पंडवानी की पारंपरिक विधा को देखने के लिए हर वर्ग के लोग उत्सव में शामिल हुए। देर रात तक पंडवानी का आनंद लेने लोग डटे रहे। पारंपरिक शैली में पेश की गई गाथाओं ने सभी का मन मोहा। बुजुर्गों संग बड़ी संख्या में युवा भी इसका हिस्सा बने।

### परशुराम मंदिर में 5 दिवसीय उत्सव, पंडवानी सुनने डंगनिया में रही भीड़



### पारंपरिक वाद्ययंत्रों ने जमाया रंग

द्रौपदी महाभारत की कथाओं के अनुसार पांचाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री थी। राजा के संकल्प को ब्राह्मण वेश में अर्जुन ने पूरा किया। इस कथा से जुड़े संवादों की श्रृंखला तीन घंटे चली। संगठन प्रमुख शिवांजल शर्मा ने बताया, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के जरिए कलाकारों ने रंग जमाया। उत्सव में शुक्रवार को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर सुबह 8 बजे से पूजा, अभिषेक, हवन व परशु स्थापना की जाएगी। संध्या 7 बजे से महाआरती होगी। इसके बाद भक्तों के लिए महाभंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा।

**सिटी इवेंट**

## बच्चों संग बड़ों को भी मोबाइल एडिक्शन से बचाने दे रहे टिप्स




रायपुर। सामाजिक संस्था विकास परिषद् द्वारा संचालित नूतन स्कूल में 40 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसे 1 मई से 10 जून तक संचालित किया जाएगा। निःशुल्क समर कैंप के दौरान शहर के अनेक विद्यालय के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें अनेक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसमें ड्राइंग, स्पोकन इंग्लिश, कराटे, योग-प्राणायाम, कंप्यूटर, सिलाई, संगीत,नृत्य, हस्तकला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान आकर्षण का केंद्र मोबाइल एडिक्शन एवं कॅरियर गाइडेंस की सुविधा है। जो प्रत्येक माता-पिता एवं उपस्थित बच्चों को दिया जा रहा है। बच्चों संग बड़े भी मोबाइल से दूर रहने यहां पहुंच रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह से छोटे-छोटे कदम उठाकर वे मोबाइल की लत छोड़ सकते हैं। कई पालक अपने बच्चों को लेकर यहां पहुंच रहे हैं।

### 17 सालों से दे रहे निःशुल्क प्रशिक्षण

*समर कैंप प्रभारी सुनीता रायकवार एवं रमा मजूमदार ने बताया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को किताब, मनोरंजन व अन्य गतिविधियों से जोड़े रखना है। इस समर कैंप का आयोजन बीते 17 सालों से किया जा रहा है। कैंप के दौरान बच्चियों के कौशल विकास के लिए सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, क्रोम,जरी वर्क, पॉट वर्क का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लड़के भी इसमें शामिल हो सकते हैं, लेकिन लड़कियां अधिक दिलचस्पी दिखा रही हैं। इस मौके पर 500 से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। इच्छुक बच्चे ऑन स्पॉट जाकर पंजीयन करा सकते हैं।*

## रोगियों के स्वस्थ होने में नर्स का व्यवहार है अहम



रायपुर। विश्व नर्स दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में गुरुवार को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एम्स के नर्सिंग ऑफिसर्स ने 60 यूनिट रक्तदान किया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने शिविर को एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थान में नर्सिंग अधिकारियों का विशेष महत्व होता है। यह रोगी के साथ चिकित्सक की अपेक्षा अधिक समय व्यतीत करते हैं। अतः अपने व्यवहार से यह रोगी को ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**आम नागरिकों को भी किया प्रेरितः** रक्तदान शिविर का आयोजन एम्स नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बंटी कुमार, विशोक एन, चिदंबर कुलकर्णी, श्रीनिवास कुलकर्णी, ओमराज, अजय सिंह, भंवर परिहार, रश्मि जैन, विद्याश्री, रविचंद्र, रवि किरण, प्रदीप जक्का, महेंद्र शर्मा, अर्पित शर्मा, नरेंद्र विश्नोई, कनकराज आदि ने शिविर में भाग लिया। अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### राजधानी से सिर्फ लड़कियां ही मेरिट लिस्ट में, इसमें भी शहरी बच्चे गायब

# सिलाई करते हुए परीक्षा की तैयारी, कोई चलाता है किराना दुकान किसी के पिता किसान, दृढ़ इच्छाशक्ति संग डटे रहे धैर्य का दामन थामे

गुरुवार दोपहर 12 बजे छात्र टकटकी लगाए माशिम की वेबसाइट देखते रहे। जैसे ही 12.30 को परिणाम जारी हुए वेबसाइट क्रैश हो गई। छात्र घंटेभर मशक्कत के बाद ही परिणाम देख सके। इस बार दसवीं में रायपुर से 4 छात्राओं ने जगह बनाई है। चौथे नंबर पर अंशिका सिंह, आठवें नंबर पर रिया सिंह, नवमे पर तनीषा सिंह और दसवें नंबर पर बॉबी मिंज हैं। वहीं बारहवीं कक्षा में मात्र एक छात्र हिमांशी वर्मा छठवां स्थान प्राप्त कर मेरिट में जगह बनाने कामयाब रही। खास बात यह रही कि इस बार मेरिट लिस्ट में शहर से सिर्फ लड़कियों ने ही जगह बनाई। जिले से किसी भी लड़के को मेरिट लिस्ट में जगह नहीं मिल सकी।

**कक्षा बारहवीं : छठवें स्थान पर हिमांशी वर्मा**

**कक्षा दसवीं :** चौथे नंबर पर अंशिका सिंह, आठवें नंबर पर रिया सिंह, नवमे पर तनीषा सिंह और दसवें नंबर पर बॉबी मिंज

**रायपुर।** मेरिट लिस्ट में जगह बनाने इन्हें भी कड़ा संघर्ष करना पड़ा। टॉप-10 में जगह बनाने वाली राजधानी की बेटियों में से किसी से पिता संग किसानी में मदद की, किसी ने सिलाई-कढ़ाई में मां का हाथ बंटाया तो किसी ने किराने की दुकान में सहयोग दिया। मुश्किलों के बाद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ और लक्ष्य प्राप्ति के लिए वे डटे रहे। परिणाम आने के बाद बेटियों के घरों में जश्न का माहौल रहा।

### जिला स्तर पर होगा विशेष सम्मान

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही इन छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले का नाम रोशन करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम प्राप्त करें।

### सरकारी स्कूलों का दबदबा

मेरिट लिस्ट में बारहवीं में 20 तथा दसवीं में 59 छात्र हैं। इनमें से अधिकतर शासकीय स्कूलों के हैं। निजी स्कूलों के बहुत कम छात्र सूची में जगह बना पाने में कामयाब हुए हैं। सर्वसुविधायुक्त शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थी सूची से लगभग गायब ही हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि शहरी छात्र अपना अधिकतर समय सोशल साइट्स में दे रहे हैं। टेक्नोलॉजी का असर उनके प्रदर्शन पर दिखा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आज भी पृथक फोन नहीं दिए जाते हैं। इसकी वजह से वे पढ़ाई पर अधिक फोकस कर पाते हैं। यही कारण है कि सूची में ग्रामीण क्षेत्र और शासकीय विद्यालयों के छात्र बढ़ी संख्या में हैं।

### पहली बार... बारहवीं में नतीजे 80 प्रतिशत के पार

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दसवीं कक्षा का परिणाम 75.05 प्रतिशत रहा था। इस बार परिणाम 75.61 प्रतिशत रहे हैं। इस तरह से नतीजे बीते वर्ष की तुलना में 0.56 प्रतिशत बेहतर रहे हैं। बीते वर्ष बारहवीं कक्षा के नतीजे 79.96 प्रतिशत रहे थे। इस बार परिणाम 80.74 प्रतिशत रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 80 फीसदी से अधिक है।

## पिता किसान, सहयोग के लिए भाई ने छोड़ी पढ़ाई



12वीं की छात्रा हिमांशी वर्मा ने बोर्ड परीक्षा में 95.80 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया। हरिभूमि से चर्चा के दौरान स्वामी आत्मानंद एआर बारच्या शासकीय इंग्लिश माध्यम शाला की छात्रा हिमांशी ने बताया, मेरे माता-पिता एक सामान्य किसान हैं। उनकी कड़ी मेहनत के कारण ही मैं अपनी पढ़ाई कर पाई। 10वीं कक्षा के बाद मेरा विषय साइंस रहा। दसवीं में मैंने 91.8 प्रतिशत हासिल किए थे। स्कूल की पढ़ाई के साथ सेल्फ स्टडी की। साल के शुरुआत से लेकर अंतिम दिनों तक रोजाना 2 से 3 घंटे पढ़ाई को वक्त दिया।

### बगैर तनाव हल किए सवाल


हिमांशी बताती हैं, परीक्षा के दौरान सभी प्रश्नों को बिना किसी तनाव के हल किया। पिता ने कक्षा 12वीं और माता ने कक्षा 8वीं तक शिक्षा ली। बड़े भाई ने भी 12वीं तक पढ़ाई कर माता-पिता का सहयोग करने के लिए खेत में काम करना शुरु कर दिया। हिमांशी की माता मीना एवं पिता रामगोपाल वर्मा ने बताया, बचपन से हिमांशी का मन पढ़ाई में अधिक रहा। प्रदेश के टॉप-10 सूची में आने से हम खुश हैं। भविष्य में बच्ची को आगे पढ़ाने के लिए हर संभव मदद करेंगे। परीक्षा में हिमांशी ने 500 में 479 अंक हासिल किए हैं। वे जिले के बड़गांव पोस्ट-गोढ़ी के निवासी हैं।

## टॉपर्स को लेना है आर्ट्स, तनाव दूर करने वाइल्ड लाइफ शो



दसवीं में चौथे स्थान पर रही अंशिका ठाकुर को 600 में से 589 अंक अर्थात 98.17 प्रतिशत मिले हैं। अंशिका ने बताया, मैं कक्षा के प्रारंभ से ही निरंतर पढ़ाई करती आ रही हूं। रोजाना सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई करती थी। इसके पश्चात 10 बजे से शाम तक स्कूल में पढ़ाई करती। घर आने पर रात 10 बजे तक प्रत्येक विषय के मुख्य प्रश्नों को हल करती। मेरे पिता अनीश सिंग ठाकुर रेलवे में ठेकेदारी का कार्य करते हैं और माता संगीता सिंग ठाकुर गृहणी है। 10वीं के बाद मैं आर्ट्स का चयन करुंगी। मैं भविष्य में पॉलिटिकल साइंस की प्रोफेसर बनना चाहती हूं। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल मोहंदी की छात्रा अंशिका कहती हैं, विषय संबंधित समस्याओं का समाधान मेरे शिक्षकों ने किया। परीक्षा के दौरान मनोरंजन के लिए मैं वाइल्ड लाइफ शो देखना पसंद करती थी।

## पिता की छोटी सी दुकान, खराब आर्थिक स्थिति के बीच बिटिया को बनाना है डॉक्टर



रिया सिंग ने 10वीं कक्षा में आठवें स्थान पर रहते हुए 97.50 प्रतिशत हासिल किए। जगमोहन लाल हायर सेकेण्डरी स्कूल सिलतरा की छात्रा ने 600 में 585 अंक हासिल कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। रिया मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं, उनके पिता छोटी सी किराना दुकान चलाते हैं। रिया का सपना है कि वह ग्यारवीं कक्षा में साइंस विषय का चयन कर भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करें। रिया ने बताया, परीक्षा से 5 माह पहले मेरी तैयारी शुरु हो गई थी। मैं रोजाना 4 से 5 बजे सुबह उठकर पढ़ाई करती थी। कोचिंग और शिक्षकों के सहयोग से मैंने अपना सिलेबस पूरा किया। रिया के पिता गजेन्द्र कुमार और माता संगीता देवी ने बताया, वर्तमान में घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन बच्चे की पढ़ाई में कोई भी कमी आने नहीं देंगे, जिसके लिए हम अधिक मेहनत कर डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## सोशल मीडिया का प्रयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए



दसवीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आई तनीषा सिंग का सपना है कि वह बड़ी होकर आईएएस ऑफिसर बने। वर्तमान में तनीषा ने 9वां स्थान प्राप्त कर 97.33 प्रतिशत हासिल किए हैं अर्थात उन्हें 600 में 584 अंक मिले। तनीषा ने बताया, सत्र के प्रारंभ से नियमित समय में रोजाना पढ़ाई करती रही। परीक्षा के एक माह पूर्व रिवीजन करना शुरु किया। मुझे पता नहीं था कि मेरा नाम टॉप-10 में आया है, मेरे दोस्तों ने कॉल कर मुझे बधाई दी, जिसके बाद मुझे इसकी जानकारी हुई। कुछ बच्चे सोशल मीडिया का गलत उपयोग करते हैं, लेकिन मैनें पढ़ाई के संबंध में इसका उपयोग किया। प्रत्येक विषय के लिए एक निश्चित समय तय कर पढ़ाई करती हूं।

### आता है सिलाई का पूरा काम

तनीषा की माता ज्योति सिलाई का कार्य करती हैं और पिता मनीष कुमार कंस्ट्रक्शन का कार्य करते हैं। जिन्होंने बताया, बचपन से ही तनीषा ने अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। माता का सहयोग करने वक्त मिलने पर तनीषा भी सिलाई करती थी। तनीषा को भी सिलाई का पूरा काम आता है। मां ने कहा, पढ़ाई के अनुसार हमें उसके पहला, दूसरा या तीसरा स्थान प्राप्त करने की उम्मीद थी, लेकिन हम उसके 9वें स्थान पर भी खुश हैं। आशा करते है कि कक्षा 12वीं में भी वह टॉप-10 की सूची में अपना नाम दाखिल कराए।

## बलरामपुर से आईं पढ़ाई के लिए



कक्षा दसवीं की छात्रा बॉबी मिंज ने 97.17 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। उन्हें 600 में 583 अंक हासिल हुए हैं। बॉबी बलरामपुर जिला की निवासी है। उनकी पढ़ाई प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी में चल रही है। वह अपने माता-पिता से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। घर से दूरी को भी कभी हावी नहीं होने दिया। दिन-रात अध्ययन-अध्यापन में डटी रहीं। नियमित रूप से पढ़ाई की, जिसका लाभ परीक्षा परिणामों में मिला।

### भविष्य के लिए भेजा दूर, बनना है डॉक्टर

बॉबी के पिता देवनाथ राम ने बताया, बॉबी कक्षा 9वीं से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। अच्छी शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए उसे दूर भेजा गया। हमने यह सोचा नहीं था कि उसका नाम टॉप-10 की सूची में आएगा, यह देख हम बहुत खुश हैं। बॉबी ने बताया, स्कूल जाने से पहले वह सुबह एक घंटे पढ़ाई करती थी। साथ ही स्कूल से आने के बाद देर रात तक पढ़ाई कर स्कूल का होमवर्क करती थी। बॉबी के पिता देवनाथ राम एक सरकारी शिक्षक हैं और माता शर्मिला गृहणी हैं। ग्यारवीं कक्षा में बॉबी साइंस विषय लेना चाहती है। उसका सपना एक डॉक्टर बनना है।

### शुक्रवार मध्यरात्रि पश्चात 11 मई को 2 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी तृतीया तिथि

# शुक्रवार तड़के 4 बजकर 17 मिनट पर प्रारंभ हुई अक्षया तिथि कल होगा समापन, बच्चों ने निभाई तेल-मायन की परंपरा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** अक्षय तृतीया शुक्रवार को प्रातः 4 बजकर 17 मिनट पर शुरू हो गई है। इसका समापन आज रात 12 बजे के बाद 11 मई को 2 बजकर 50 मिनट पर होगा। हालांकि अक्षय तृतीया पर किसी विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन सुबह 5 बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक पूजन विशेष लाभकारी होगा। लाभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 6 बजकर 51 मिनट से सुबह 8 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही अमृत चौघड़िया मुहूर्त सुबह 8 बजकर 28 मिनट से सुबह 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। इसके बाद फिर शुभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 11 बजकर 43 मिनट से दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक रहेगा।



### बन रहे हैं ये योग

इस बार अक्षय तृतीया के दिन बहुत ही अच्छे और दुर्लभ योग बन रहे हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि यानी वृषभ राशि में मौजूद होंगे। सूर्य भी अपनी उच्च राशि यानी मेष में मौजूद होंगे। सूर्य-चंद्रमा दोनों ही अक्षय तृतीया पर उच्च राशि में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और रवि, धन, गजकेसरी, शुक्रादित्य, शश, लक्ष्मी नारायण और त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग रहेगा।



### बच्चों ने पूरे किए विधान

अक्षय तृतीया पर छोटे बच्चे गुड्डे-गुड़ियों का विवाह करवाते हैं। शुक्रवार को होने वाले फेरे से पहले बच्चों ने तेल-मायन सहित अन्य परंपराएं निभाई। पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने विवाह की सभी रस्में ना सिर्फ पूरी की बल्कि अपने सगे-संबंधियों तथा पड़ोसियों को विवाह में शामिल होने न्योता भी दिया। गली-मोहल्लों में पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा।



आपके अनमोल सपने का
भरोसेमंद साथी ....
Anantra Homes
3 BHK DUPLEX BUNGLOW
STARTING FROM
₹ 54.99
LAKHS ONLY
आप सभी को परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई
ADITYA ADVT
Bank Finance Available
READY FOR POSSESSION
Office : Moti Nagar, Old Dhamtari Road, Raipur (CG)
Site : Near Shiv Mandir Boriyakhurd, Kandul Road, Raipur (CG)
A PROJECT BY TIWARI REALTY & DEVELOPERS
+91 93000 10102 • +91 81098 91569 • +91 91113 54312
RERA NO. : PCG RERA 140818000694 | PCG RERA 25101800025
नियम व शर्तें लागू
2.67 Lac


गुरु है वो करण के...
अंतर जाने आनंत और मरण के...
नमन करता सारा संसार जिसे...
बने जल भी अमृत उनके चरण के...
समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान परशुराम जयंती
की हार्दिक बधाई...
मृत्युंजय दुबे
पार्षद
पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्र. 42


समस्त छत्तीसगढ़
प्रदेशवासियों को
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजू झा
पं. शीबु शुक्ला
अध्यक्ष
सर्वब्राम्हण कल्याण समाज (छ.ग.)
मो. 9754833358


भगवान विष्णु के
छठे अवतार
भगवान
परशुराम जी
के जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चंद्रशेखर शुक्ला
आलोक पाण्डेय


अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी


की
जन्मोत्सव
पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं


CITYLIFT
SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रुपयें में
ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित
समय के लिये
कहीं मौका
हाथ से निकल
ना जाये...
आज ही बुक करायें, पहले आए पहले पाएं
एक बार चार्ज होने पर
80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
मो.: 9826777050, 9584500013
• स्टेशन रोड, गुरूद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर


HYUNDAI
आप सभी को शिवनाथ हुंडई की ओर से
अक्षय तृतीया
की हार्दिक शुभकामनाएं
SHIVNATH HYUNDAI
Contact No. : +91 70499 17611
Tatibandh, Telibandha, Bhilai, Dhamtari, Jagdalpur, Durg, Mahasamund, Kanker, Rajnandgaon, Baloda Bazar, Gariyaband


अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
होम डेकोरेशन में
एक भरोसेमंद नाम
Ana
Home Concepts
• वॉसेस • आर्टिफैक्ट्स • वॉल आर्ट • मेटल आर्ट • सीनरीज़ • वॉल फ्रेम्स
•आर्टिफिशियल फ्लावर्स • वर्टीकल गार्डन • म्यूरल्स • वाटर फॉउन्टेन्स • स्टेच्यु
• बुद्धा • देवी-देवताओं की मूर्तियां • एवं कई अन्य आकर्षक आइटम्स
Mana Road, Deopuri, RAIPUR
Ph : 77460 09115, 93019 59289
For Bulk Order Contact
9340027909


TATA
आप सभी को जयका ऑटोमोबाइल्स एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से
अक्षय तृतीया
की हार्दिक शुभकामनाएं
JAIKA AUTOMOBILE & FIN. PVT. LTD
Ring Road no. 1, Raipura, Raipur (C.G.) | Mo. +91 99819 91700, +91 99819 91784
Baloda Bazar - Abhanpur - Saraipali - Mahasamund - Simga - Gariyabandh - Bhanpuri


भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव
सर्व ब्राम्हण समाज की शोभायात्रा
शनिवार 11 मई, शाम 4 बजे
स्थान-धरना स्थल बूढ़ापारा रायपुर से
कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मण्डल
आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
पं. अरूण शुक्ल अध्यक्ष सभा-शिक्षा मण्डल
श्रीमती निशा अवस्थी उपाध्यक्ष (सभा)
पं. राघवेन्द्र मिश्रा उपाध्यक्ष (शिक्षा)
पं. संतोष दुबे कोषाध्यक्ष (शिक्षा)
पं. रज्जन अग्निहोत्री सहसचिव (सभा)
पं. गौरव शुक्ल सहसचिव (शिक्षा)
पं. सुरेश मिश्रा सचिव सभा-शिक्षा मण्डल
पं. प्रदीप शुक्ल (बबला)
श्रीमती अर्चना त्रिवेदी
श्रीमती सुनयना शुक्ला
पं. हेमंत तिवारी
पं. प्रशांत शुक्ल (मान)
श्रीमती अर्चना मिश्रा
पं. मनोज शुक्ल
श्रीमती राधा तिवारी
पं. देवेन्द्र पाठक (गुड्डू)
श्रीमती नीता अवस्थी
पं. अतुल पाण्डेय
पं. रितेश अवस्थी
श्रीमती निशा पाण्डेय
श्रीमती संध्या मिश्रा
पं. सतीष चन्द्र मिश्रा (विपिन)
पं. अभिषेक मिश्रा
पं. अर्पित बाजपेई
पं. चन्द्रिका शंकर बाजपेई
पं. गिरजाशंकर दीक्षित
पं. प्रकाशचंद्र अवस्थी
पं. शशिकांत मिश्रा
पं. रामकिशोर दीक्षित
पं. शारदा प्रसाद बाजपेई
पं. विद्याकांत त्रिवेदी
श्रीमती रीता पाण्डेय
पं. साजेन्द्र पाण्डेय
पं. पवन मिश्रा
पं. अजय अवस्थी (किरण)
पं. सुशील तिवारी
पं. प्रभात कुमार मिश्रा
पं. प्रशांत तिवारी
पं. राजेश त्रिवेदी
पं. प्रभात पाण्डेय
पं. प्रसून दीक्षित
पं. इंद्र कुमार तिवारी
महाआरती
दिनांक : 10 मई, दिन : शुक्रवार, शाम : 6 बजे
स्थान : आशीर्वाद भवन, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### जिला प्रशासन ने अजय वर्मा की पत्नी को दिया 15 लाख का चेक



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान निधन के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम के जनसंपर्क शाखा में पदस्थ स्वर्गीय अजय वर्मा की पत्नी नीलू वर्मा को अनुग्रह प्रतिकर राशि के रूप में 15 लाख रुपये का चेक प्रदान किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नीलू वर्मा को यह चेक सौंपा। विदित हो कि अजय वर्मा का 6 मई को निधन हुआ था, जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह के निर्देश पर कुछ दिनों के भीतर ही अनुग्रह प्रतिकर राशि जारी कर दी गई।

### साव ने किया मैराथन प्रचार, 48 विधानसभाओं में की जनसभाएं

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर प्रचार कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा।



श्री साव ने 20 मार्च से 5 मई तक 66 दिनों तक लोकसभा क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों व शहरों में जनसंपर्क और आमसभा कर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। श्री साव ने 48 विधानसभाओं के कोने-कोने में चुनावी सभाएं कीं। तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11 सभाएं कीं। वहीं 66 दिनों में 121 से अधिक आमसभाएं, स्थानीय बैठकें, जनसंपर्क करते रहे। श्री साव के विधानसभा क्षेत्र लोरमी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ऐतिहासिक जनसभा हुई।

# हमर न्योता योजना नए शैक्षिक सत्र से बनेगी और प्रभावी, डीईओ को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बेहतर शिक्षा के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई न्योता भोजन योजना को आगामी शैक्षणिक सत्र से और अधिक प्रभावी बनाने के लिये सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को वार्षिक कैलेंडर बनाने निर्देश दिए गए हैं, जिससे सभी शालाओं में बच्चों को माह में कम से कम 2 बार न्योता भोजन का लाभ मिल सके। इस योजना के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलने के साथ स्थानीय समुदाय की योजना में सहभागिता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 फरवरी 2024 को अपना जन्म दिवस जशपुर जिला स्थित अपने गृह ग्राम बगिया में बालक आश्रम में बच्चों के बीच मनाते हुये बच्चों के साथ भोजन कर न्योता भोजन की शुरुआत की है। योजना के प्रारम्भ होने के बाद राज्य में अनेक जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के द्वारा राज्य की शालाओं में न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। अब तक राज्य में 17 हजार से अधिक न्योता भोजन का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 11 लाख से अधिक बच्चे लाभांवित हुए हैं।

■ बच्चों को माह में कम से कम 2 बार न्योता भोजन का मिल सके लाभ

## सीएम साय के जन्मदिन पर हुई थी शुरुआत

### सामाजिक संगठन कर सकते हैं योगदान

यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। समुदाय के सदस्य किचन सामग्री जैसे भोजन पकाने के पात्र, बच्चों के खाने के प्लेट, थाली, गिलास तथा किचन के लिये गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा भी उपलब्ध करा सकते हैं।



### पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना पर केंद्रित

न्योता भोजन की अवधारणा भारत सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तिथि भोजन कार्यक्रम पर केन्द्रित है। यह योजना सामुदायिक भागीदारी, विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। छत्तीसगढ़ में भोजन हेतु आमंत्रित करने को न्योता कहा जाता है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य में तिथि भोजन को न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है।

### उपमुख्यमंत्री ने पित्रोदा को कांग्रेस से आजीवन निष्कासित करने की मांग की

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- ऐसी टिप्पणी की है अब देश 'शेम' पित्रोदा के नाम से जानेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने चमड़ी के आधार पर भारतीयों को गाली दी है। श्री शर्मा ने कहा, नाम से भले ही वह सैम पित्रोदा हों, पर नस्ल और रंग भेद को लेकर उनके ताजा बयान के बाद उन्हें 'शेम' पित्रोदा नाम से देश जानेगा। इस प्रकार की कई घटनाएं हैं, जिसमें कांग्रेस पार्टी जुड़ी हुई है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस पार्टी के किसी हिडन एजेंडा को आगे लाने के लिए सैम पित्रोदा को बोलना होता है। शायद कांग्रेस पार्टी टेस्टिंग करती है कि इस पर क्या प्रतिक्रिया आ रही है। श्री पित्रोदा द्वारा दिए गए बयान ने एक बार फिर भारत के नेता महात्मा गांधी के साथ हुए साउथ अफ्रीका में भेदभाव की घटना को याद दिला दिया है।

श्री शर्मा ने कहा, महात्मा गांधी को इसलिए ट्रेन से उतार दिया गया था, क्योंकि उनका चमड़ी का रंग अलग था। हम सभी भारतीयों को इस बात को समझना होगा। श्री शर्मा ने कहा, भारतीय जनता पार्टी 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रही है और इस कल्पना में है कि कैसे देश को आगे बढ़ाया जाए। भारत देश को समूचे विश्व के मानचित्र में सबसे ऊंचा बिठाया जाए, सशक्त भारत बनकर सामने आए और वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जो नस्ली भेद के आधार पर राजनीति करना चाहती है। कांग्रेस भारत को अलग-अलग दिशाओं में बांटकर बात करती है। कांग्रेस पार्टी को यह कहीं नहीं दिखता कि उत्तर से दक्षिण तक भारत एक है और हम सब भारतीय हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि पित्रोदा ने जो कहा है उसके लिए उन्हें देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी में अभी इस्तीफा देने और निष्कासित करने का स्वांग चल रहा है। कांग्रेस को सैम पित्रोदा का आजीवन निष्कासन करना चाहिए। इससे कम कुछ नहीं हो सकता। भारतीय जनमानस कांग्रेस पार्टी को कभी माफ करने वाला है।

### केदार बोले- अडानी-अंबानी पर कांग्रेस की अब चुप्पी क्यों

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, अडानी-अंबानी के नाम पर लगातार प्रलाप करने वाली कांग्रेस में अचानक चुप्पी क्यों हो गई है। पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इन नामों को लेकर कांग्रेस का हर मुंह अनर्गल प्रलाप कर रहा था और अब कांग्रेसियों की चुप्पी बता रही है कि कांग्रेस की पूरी दाल ही काली हो चुकी है। श्री गुप्ता ने कहा, कुछ दिन पहले तक कांग्रेस नेता चाहे राहुल हों, चाहे खड़गे हों, चाहे प्रियंका हों, चाहे सोनिया हों या फिर स्वयं भूपेश बघेल हों, लगातार अडानी-अंबानी के बहाने सरगुजा में कोल प्लांट और पेड़ कटाई की बात को लेकर बयावबाजी कर रहे थे। अचानक अब सब खामोश हो गए हैं। अचानक इस खामोशी का कारण किसी को समझ नहीं आया, इसलिए प्रश्न उठना लाजिमी है। अडानी-अंबानी अब कहां चले गए? क्यों कांग्रेसी उनका नाम नहीं ले रहे हैं? दाल में कुछ काला तो है। अब कांग्रेसी इधर-उधर की बातें न करें और देश को अडानी-अंबानी के मामले में अपनी चुप्पी पर कांग्रेसियों को जवाब देना पड़ेगा।

# लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कर रहे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान होने के बाद अब कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा वार मतदान की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव के लिए विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की थी। सभी प्रभारियों से चर्चा कर प्रत्याशी यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि मतदान किससे पक्ष में हुआ। पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई मतदान की अंतिम रिपोर्ट का संकलन भी किया जा रहा है।

■ विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों की ली जा रही जानकारी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिन सात सीटों पर चुनाव हुआ, उनमें कोरबा, जांजगीर, सरगुजा सीट में हुए मतदान के आधार पर यहां पर विधानसभा वार आंकड़ों के आधार पर वहां के नेताओं से चर्चा कर जानने का प्रयास प्रत्याशी कर रहे हैं कि उस दिन का माहौल कैसा रहा। वोटिंग के पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ली जा रही है। सरगुजा में पिछले साल से हुई अधिक वोटिंग के बाद वहां पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल को लेकर प्रत्याशी शशि सिंह ने चर्चा की। जांजगीर में प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया ने सभी क्षेत्र के प्रभारियों से चर्चा कर मतदान के रुख को समझने का प्रयास किया। वहीं कोरबा में ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान और कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़ने का आकलन वहां के प्रभारियों से किया गया। वहीं रायपुर में सभी 2300 बूथ के संबंध में विकास उपाध्याय ने चर्चा कर जानकारी ली। यहां पर विधारसभा वार प्रभारियों से रिपोर्ट ली गई। बिलासपुर में मतदान के बाद वहां का फीडबैक नेताओं से लिया गया।

### पीसीसी को देंगे जानकारी

लोकसभा चुनाव के दौरान नियुक्त किए गए प्रभारियों द्वारा चुनाव की पूरी जानकारी पीसीसी को दी जाएगी। उसके आधार पर हर सीट में पार्टी के पक्ष में माहौल का आकलन किया जाएगा। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण मतदान का प्रतिशत बढ़ने का फायदा किसे मिलेगा, इसे चर्चा कर जानने का प्रयास किया जा रहा है।

# आठ साल पहले बनाए आवास सुविधाओं के अभाव में वीरान

**रायपुर।** रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी देने वाले डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए करीब 8 साल पहले बनवाया गया आवास वीरान पड़ा है। इसे बनवाने में की गई लापरवाही के कारण वहां सुरक्षा, बिजली, पानी जैसी जरूरी सुविधा भी नहीं मिलने से नर्सिंग स्टाफ व डाक्टर्स ने अलॉटमेंट व मेंटेनेंस के अभाव में रहना भी शुरू नहीं किया है। इससे डाक्टर्स को अभी तक किराए के मकानों से मुक्ति नहीं मिली है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए विभाग ने 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तो बनवा दिया, लेकिन वहां ड्यूटी देने वाले नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टर्स को मौके पर आवास की सुविधा नहीं दे पाए हैं। इसके कारण अस्पताल में सेवा देने वाले स्टाफ को हर महीने किराया देना पड़ रहा है।

### अधिकारियों को दी जानकारी

डाक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए बनवाए गए आवास में मेंटेनेंस व सुविधाओं का अभाव है। डाक्टर्स वहां रहना चाहते हैं, इसलिए अधिकारियों को वस्तुस्थिति की जानकारी दी है। जल्द ही जरूरी काम करवाने कहा गया है।

- डॉ. ए. कुमार, इंचार्ज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा

# मोदी पर अडानी-अंबानी को लेकर भूपेश ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अडानी-अंबानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यदि प्रधानमंत्री को मालूम है कि टेंपो भर-भर के नोट जा रहा है, तो वे कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, मतलब उनकी चलती नहीं है। रायबरेली रवाना होने से पूर्व संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। एआईसीसी ने श्री बघेल को रायबरेली में सीनियर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव मैदान पर हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान श्री बघेल ने वहां की पूरी जिम्मेदारी संभाली थी। अपने पुराने अनुभव के आधार पर वे रायबरेली के चुनाव में कमान संभालेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार अब रायबरेली में मतदान होने तक बघेल कैंप करेंगे। श्री बघेल दोपहर में यहां से लखनऊ के लिए रवाना हुए। वहां से कार से प्रस्थान कर 4.30 बजे रायबरेली पहुंचे।

# पीएम मोदी का बयान नहीं रहा स्तरीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी के बयानों से साफ हो गया कि लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में आधे से अधिक सीटों पर हुये मतदान के बाद तय हार से वे डर गये हैं, इसीलिये प्रधानमंत्री के बयानों के स्तर गिरते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 10 सालों में जिस अडानी के लिये देश की सरकार चलाई। 10 सालों में उनकी संपत्ति के बढ़ाने में मदद की, जिनको देश की 80 प्रतिशत निजी कोयला खदानों, लौह अयस्क खदानों को सौंप दिया। हिडन बर्ग घोटाले पर पर्दा डालने के लिये संसद के 150 सांसदों को निलंबित तक कर दिया। प्रधानमंत्री उसी अडानी-अंबानी का नाम लेकर भाषण देने को मजबूर हो गये। उन्होंने कहा, भाजपा और मोदी अपने आर्थिक सलाहकार से बयान दिलवा कर देश की जनता में मुस्लिमों की आबादी का भय दिखा कर वोट हासिल करना चाह रहे हैं। जब 2011 के बाद देश की जनगणना ही नहीं हुई है, फिर कैसे दावा कर रहे कि मुस्लिमों की आबादी बढ़ गयी, हिन्दुओं की कम हो गयी। यह बयान भाजपा की चाल है। चुनाव जीतने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा, तो भाजपा हिन्दू-मुस्लिम पर उतर आई है। भाजपा का यह षड़यंत्र अब नहीं चलने वाला। जनता भाजपा के षड़यंत्रों को समझ चुकी है। अबकि बार उनकी नाकामी और वादाखिलाफी के खिलाफ मतदान करेगी।

■ पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा-हार के डर से दे रहे ऐसा बयान

## पेज 3 के शेष

### स्पेशल ट्रेनों ने ...

पहुंचने में एक घंटे 35 मिनट लग गए, जबकि यह ट्रेन 55 मिनट में 85 किमी की दूरी तय कर लेती है। भाटापारा में आधे घंटे रोके जाने से यह ट्रेन 125 मिनट में 58 किमी चली। कई जगह पर ट्रेन रुक जाने से इस ट्रेन को 10 से 15 किमी की दूरी तय करने में आधे घंटे ज्यादा लग गया।

### कटनी रूट से ...

है। यही वजह है कि नागपुर से ज्यादा कटनी रूट से आने वाली ट्रेन सर्वाधिक लेट हो रही हैं। 10 से 20 घंटे ट्रेन लेट होने से दूसरे दिन भी ट्रेन विलंब से रवाना हो रही है। इसीलिए अब रेलवे जो ट्रेन 18 घंटे विलंब से चल रही हैं, उन ट्रेनों को रद्द कर रहा है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस इसी वजह से 2 दिन रद्द रही।

### पांच साल में शहर ...

अधूरे हैं। इसी तरह 11 लोकेशन पर स्मार्ट पार्किंग, शहर में पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग स्कीम 7 जगहों पर स्मार्ट रोड का दीदार करने लोग तरस गये। दरअसल, केन्द्र सरकार ने देशभर के 100 चुनिंदा शहरों को स्मार्ट सिटी के अनुरूप विकसित करने 5 साल की समय अवधि में योजनाबद्ध तरीके से शहर विकास का मौका दिया। इसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर को स्मार्ट शहर के रूप में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर बनाने केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से फंड मिले। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस अवधि में 578 करोड़ रुपये प्रोजेक्ट तैयार किये। इनमें से शुरुआत में 419 करोड़ के प्रोजेक्ट पर स्मार्ट सिटी के अफसरों का फोकस रहा। इनमें से ज्यादतर प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित रहे।

**पुराना बसस्टैंड और कलेक्टोरेट के पास हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग** -रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए जयस्तंभ चौक के पास पुराने बसस्टैंड के समीप मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया है। यहां अलग-अलग फ्लोर पर दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। इसी तरह कलेक्टोरेट परिसर के पास 22 करोड़ की लागत से शहर का दूसरा हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग बनाया गया है। यहां फ्लोर वाइज गाड़ियों की पार्किंग आसानी से की जा सकती है।

**तेलीबांधा तालाब शुद्धिकरण का प्रोजेक्ट** - रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा जैविक तरीके से तेलीबांधा तालाब के शुद्धिकरण का प्रोजेक्ट लाया गया। इससे तालाब में जलीय वनस्पति का संरक्षण कर पानी की गुणवत्ता बनाये रखने का काम किया गया है। इसके लिए नीरी संस्था के सहयोग से राष्ट्रीयकृत एजेंसी के साथ अनुबंध किया गया है।

### बहुमंजिला जवाहर बाजार ...

कैमरा, पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इसे नया स्वरूप दिया है।

### शहर ने स्मार्ट सिटी ....

में आम जनता को इसकी सूचना सार्वजनिक रूप से देने चौराहों पर पब्लिक एनाउंस सिस्टम से लेकर शहरभर में लगाई गई स्ट्रीट लाइट की स्थिति इस सेंटर के माध्यम से जानी जा सकती है। इसके साथ ही कई तरह की सुविधाएं कंट्रोल सिस्टम से कनेक्ट हैं।

### रामअवतार जग्गी हत्याकांड ...

हत्याकांड में आरोपी बनाए गए अभय गोयल छह सप्ताह की छूट अवधि में चल रहे हैं। इसके साथ ही फिरोज सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है, इस वजह से उसे राहत मिली है। इसके अलावा शेष अन्य अभियुक्त शैलेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौड़, राकेश कुमार शर्मा, अशोक सिंह भदौरिया, विवेक सिंह भदौरिया, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, सुनील गुप्ता, हरिश चंद्रा, सुरेश सिंह, जामवंत, श्याम सुंदर, विनोद सिंह, विश्वनाथ राजभर तथा सत्येंद्र सिंह ने अब तक सरेंडर नहीं किया है।

### महाराजबंध तालाब के ...

में छोड़ा जाएगा। यह सीवरेज प्लांट रोजाना 30 लाख लीटर पानी शुद्ध करेगा। विदित हो, अभी तक शहर के इन दोनों तालाबों के लिए पानी आने या देने की कोई व्यवस्था नहीं है। यह प्रदेश का एकमात्र ऐसा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है जो सबसे कम भूमि पर बनाया जा रहा है। वैसे एक प्लांट के लिए कम से कम 1 एकड़ जमीन की जरूरत होती है।

### 3 नालों के गंदा ...

इसका इस्तेमाल पीने के लिए किया करते थे, पर 500 साल पुराना प्राचीन महाराजबंध तालाब देखरेख के अभाव में जलकुंभी से पट जाता है। इसकी वजह से नगर निगम को हर साल तालाब की सफाई में एकमुश्त रकम खर्च करनी पड़ती है।

### बूढ़ातालाब को भरने ...

बनने से दोनों तालाबों को फायदा मिलेगा। इसमें बूढ़ातालाब में पंपिंग से महाराजबंध तालाब के ट्रीटमेंट प्लांट से साफ हुआ पानी बूढ़ातालाब में जाएगा। वहीं महाराजबंध तालाब भी इससे लबालब रहेगा।

### दो हजार रुपए ...

रोहित उर्फ मोहन यादव को कैद की सजा सुनाई है। रोहित ने प्रियांशु की दो मार्च 2023 को हत्या की थी। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक प्रियांशु अग्रवाल का रोहित के एक दोस्त के साथ दो हजार रुपए लेन-देन को लेकर विवाद था। इसी विवाद के कारण घटना दिनांक को रोहित ने प्रियांशु की जांघ पर कैंची से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जांघ की नस कट जाने की वजह से प्रियांशु ने अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया।

### ऐसे घटना घटित ...

दोस्त प्रियांशु को एक निजी अस्पताल उपचार कराने लेकर गए। हालत गंभीर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने प्रियांशु को आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** ओम प्रकाश साहू पिता/पति बंशी लाल साहू, लालपुर रायपुर, तेज कुमार निषाद पिता/पति कुंवर लाल निषाद, तर्रा रायपुर, प्रकाश नारायण सिन्हा पिता/पति स्व. राम बगस सिन्हा, विकास विहार कॉलोनी रायपुर, खिलेंद्र कुमार देवांगन पिता/पति हुलस राम देवांगन, आमानाका रायपुर, दीनबंधु चंद्राकर पिता/पति राम लाल चंद्राकर, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, परशुराम प्रजापति पिता/पति लच्छू प्रसाद प्रजापति, प्रोफ़ेसर कॉलोनी रायपुर, रफिख पारेख पिता/पति अब्दुल गफ्फार पारेख, राधा कृष्णा मंदिर के पास संजय नगर रायपुर, प्राची साहू पिता/पति डोमन सिंह साहू, छ.ग नगर रायपुर, किशोर साहू पिता/पति गजराज साहू, महंत तालाब कोटा रायपुर, रामेश्वरी मार्कंडेय पिता/पति स्व. मुकेश मार्कंडेय, सतनाम चौक देवपुरी रायपुर, प्रीतम सिंह पैकरा पिता/पति मालिक राम पैकरा, अटल नगर रायपुर, भेखराम साहू पिता/पति जीवन लाल साहू, शिव नगर संतोषी नगर रायपुर, अंजलि साहू पिता/पति अशोक साहू, यश विहार मोती नगर रायपुर, कमल यादव पिता/पति नत्थू लाल यादव, सुभाष नगर कुकरी पारा रायपुर, शिव कुमार साहू पिता/पति केशव राम साहू, एकता नगर अमलेश्वर, उमाकांत सेन पिता/पति घनश्याम सेन, दतरेंगा, राजकुमार टंडन पिता/पति इतवारी राम टंडन, पहाड़ी चौक गुडियारी रायपुर, हमेन्द्र यादव पिता/पति नारायण यादव, गोकुल नगर मठपुरेना रायपुर, भागचंद धनगर पिता/पति स्व.श्याम राघव धनगर, बोरिया खुर्द रायपुर, देवेन्द्र सेन पिता/पति माखन लाल सेन, मनीष सेलून टिकरापारा रायपुर, शिल्पी नेताम पिता/पति आर .एल नेताम, हिमालय कोर्ट वार्ड देवपुरी रायपुर, नन्द कुमार पिता/पति नकछेद, शीतला कॉलोनी कुशालपुर रायपुर, सादिक कुरैशी पिता/पति करीम उल्ला कुरैशी, ताज चौक तेलीबांधा रायपुर, यादराम साहू पिता/पति पुरुषोत्तम लाल, अयोध्या नगर चंगोराभाटा रायपुर, कमल नारायण यादव पिता/पति मोती लाल यादव, श्रीराम चौक टिकरापारा रायपुर, कविता कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप, टिकरापारा रायपुर, महेंद्र कुमार चंद्राकर पिता/पति स्व. भुवन लाल चंद्राकर, न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, परमानन्द गजेन्द्र पिता/पति स्व.तुलसी राम गजेन्द्र, डूमर तालाब मोहबाबाजार रायपुर, रजनी सी.भाया पिता/पति सी.एल.भाया, न्यू पुरेना चर्च के पीछे अमलीडीह रोड रायपुर, रोमनाथ टंडन पिता/पति स्व.अमरु टंडन, सामुदायिक भवन गोंदवारा रायपुर, पूरण दास टंडन पिता/पति स्व. शिवदास टंडन, रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-5 काजल फैन्सी स्टोर के सामने बिरगांव रायपुर, गीता बाई पिता/पति स्व. भरत सिंह, फाफाडीह रायपुर, पुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. मोहन सिंह ठाकुर, मारुती मेडिकल अशोक नगर रायपुर, धैर्य कुमार वर्मा पिता/पति जय नारायण वर्मा, खुडमुड़ी पथरी, प्रशांत चन्द्रवंशी पिता/पति महेंद्र कुमार चंद्रवंशी, म.न. 32 आकाश नगर अवंती विहार रायपुर, महेंद्र कुमार चंद्रवंशी पिता/पति राघव राम चंद्रवंशी, म.न. 39 आकाश नगर रायपुर, अंशुल चंद्रवंशी पिता/पति आनंद प्रकाश चंद्रवंशी, म.न.32 आकाश नगर रायपुर, सरस्वती साहू पिता/पति गेंदलाल साहू, अवंती विहार रायपुर, सोनिया साहू पिता/पति कुमार साहू, अवंती विहार रायपुर, पियूष ध्रुव पिता/पति दिनेश ध्रुव, शक्ति नगर रायपुर, तुषार ध्रुव पिता/पति दिनेश ध्रुव, शक्ति नगर रायपुर, दिनेश कुमार ध्रुव पिता/पति स्व.इतवारी राम ध्रुव, शक्ति नगर रायपुर, शीतल ध्रुव पिता/पति दिनेश ध्रुव, शक्ति नगर रायपुर, आशाराम साहू पिता/पति थानवार साहू, पुरेना तेलीबांधा रायपुर, शिवेंद्र साहू पिता/पति आशाराम साहू, पुरेना तेलीबांधा रायपुर, प्रियंका देवी पिता/पति नरेश, सूरज नगर लाभांडी रायपुर, राजाराम साहू पिता/पति भुखाराम साहू, विजय नगर रायपुर, पुन्निबाई साहू पिता/पति आनंद साहू, पुरेना तेलीबांधा रायपुर, पूनम साहू पिता/पति दीपक साहू, विजय नगर रायपुर, सूरज साहू पिता/पति आशाराम साहू, पुरेना तेलीबांधा रायपुर, नरेश तुरकार पिता/पति अशोक तुरकर, सूरज नगर लाभांडी रायपुर, महेश कुमार साहू पिता/पति आशाराम साहू, पुरेना तेलीबांधा रायपुर, सत्यम नायक पिता/पति जलधर नायक, कचना रायपुर, दीपक साहू पिता/पति राजाराम साहू, विजय नगर रायपुर, शिवांगी साहू पिता/पति दीपक साहू, विजय नगर रायपुर, उत्तम नायक पिता/पति जलधर नायक, राजेंद्र नगर रायपुर, रुदना छुरा पिता/पति जलधर छुरा, राजेंद्र नगर रायपुर, राजकुमार साहू पिता/पति राजाराम साहू, विजय नगर रायपुर, प्रमिला साहू पिता/पति बलिराम साहू, विजय नगर रायपुर, नरेन्द्र कुमार साहू पिता/पति ईश्वर साहू, शक्ति नगर रायपुर,वेदांत साहू पिता/पति नरेन्द्र कुमार साहू, म.न. 590 शीतला विहार कॉलोनी टेमरी पारा माना कैंप रायपुर, वान्या साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू, म.न. 590 शीतला विहार कॉलोनी टेमरी पारा माना कैंप रायपुर, सरिता साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू, एक्सप्रेस वे शीतला विहार कॉलोनी टेमरी रायपुर, ठाकुर राम साहू पिता/पति हरिलाल साहू, दलदल सिवनी वार्ड 7 रायपुर, याद दीवान पिता/पति कामता सिंह दीवान, MIG-81 से 8 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सडडू रायपुर, लोकेश साहू पिता/पति दुर्योधन साहू, चांदनी चौक सडडू रायपुर, निशि निगम पिता/पति आलोक निगम, कमल विहार माना कैम्प रायपुर, जय सिंह राजपूत पिता/पति नरेन्द्र सिंह राजपूत, हनुमान मंदिर के पास तुलसी नगर गुढ़ियारी रायपुर, रियाज़ हुसैन राही पिता/पति स्व.लतीफ़ हुसैन, सिटी हार्ट रेसीडेंसी कैलाशपूरी रायपुर, मनीष गुप्ता पिता/पति एस पी गुप्ता, सुन्दर नगर रायपुर, मोती लाल साहू पिता/पति हिन्छा राम साहू, दुर्गा नगर बिरगांव रायपुर, मधु साहू पिता/पति ईश्वर साहू, महामाया पारा रायपुर, इन्तियाज़ मोहम्मद पिता/पति युनस मोहम्मद, टिकरापारा रायपुर, प्रगति यादव पिता/पति भगत सिंह यादव, मठपारा रायपुर, दशरथ यादव पिता/पति देवादीन यादव, श्याम नगर रायपुर, पूनम बघेल पिता/पति चेला राम बघेल, तिरंगा चौक कुशालपुर रायपुर, दौलत राम साहू पिता/पति स्व. ब्रिजलाल साहू, प. रवि शंकर शुक्ल नगर रायपुर, गौकरण सिंह पिता/पति छवि राम साहु, संजय नगर रायपुर, रानी दुबे पिता/पति प्रकाश दुबे, बजाज कॉलोनी न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, सुमन साहू पिता/पति नोहर साहू, अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, लक्ष्मी साहू पिता/पति नोहर साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, नितेश साहू पिता/पति नोहर साहू, गुढ़ियारी रायपुर, कोमल प्रसाद साहू पिता/पति हिन्छा राम साहू, भैरव नगर मठपुरेना रायपुर, नोहर साहू पिता/पति पदुम नाथ साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, गजानंद देवांगन पिता/पति दुक्लहा राम देवांगन, संस्कृति भवन के सामने बिरगांव रायपुर, विवेक पूरी गोस्वामी पिता/पति रोशन पूरी गोस्वामी, चिखली सोंडरा, देवकुमार निर्मलकर पिता/पति स्व. रूपसिंह निर्मलकर, राम मंदिर के पास बिरगांव वार्ड न.25 रायपुर, राजकपूर ध्रुव पिता/पति स्व. सियाराम ध्रुव, स्वस्थ्य केंद्र अटंग, प्रेमचंद साहू पिता/पति टेटकु राम साहू, पिपरौद, पवन कुमार साहू पिता/पति पुनाराम साहू, सूर्या नगर गोगांव रायपुर, मुकेश कुमार वर्मा पिता/पति इतवारी राम वर्मा, आमासिवनी रायपुर, केदार साहू पिता/पति स्व. लक्ष्मण साहू, कुशालपुर रायपुर, द्वारिका प्रसाद देवांगन पिता/पति स्व. दौवा राम देवांगन, मुख्य द्वार के पास गाजी नगर बरगांव रायपुर, अश्वनी वर्मा पिता/पति धनीराम वर्मा, बंजारी नगर बिरगांव रायपुर, विश्वास गुप्ता पिता/पति विजय गुप्ता, छोटापारा सुराना भवन रायपुर, अशोक सिंह पिता/पति गोविन्द सिंह, आदर्श नगर पहाड़ी चौक गुढ़ियारी रायपुर, राजेश कुमार यादव पिता/पति खेदु राम यादव, भवानी नगर बोरिया खुर्द रायपुर, संतोष कुमार सेन पिता/पति ढेलु राम सेन, बसंत विहार कॉलोनी रायपुर, नरसिंह साहू पिता/पति स्व.परसादी राम, वार्ड न. 9 बंजारी नगर बिरगांव रायपुर, सुनील कुमार साहू पिता/पति परस राम साहू, संतोषी नगर रायपुर, सोनू गुप्ता पिता/पति समीर गुप्ता, राज टावर ब्रह्मपुरी रायपुर, अंगद साहू पिता/पति जयराम साहू, सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, संगीता बाई साहू पिता/पति धनेश्वर प्रसाद साहू, तेंदुआ टाटीबंध रायपुर।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें


0%
ZERO % INTEREST
ZERO PROCESSING FEES
ZERO DOWN PAYMENT
ZERO BANA HERO Offer
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं
शगुन ऑफर
टी. वी., फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, बेड, ड्रेसिंग, सोफा सेट, सेंटर टेबल
74,990/-
लगन ऑफर
टी.वी., फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, डबल बेड, थ्री डोर अल्मीरा, ड्रेसिंग
64,990/-
मुहूर्त ऑफर
टी.वी., वाशिंग मशीन, फ्रिज
27,990/-
शुभ ऑफर
बेड, थ्री डोर अल्मीरा, ड्रेसिंग, गद्दा, तकिया
29,990/-
Embassy
तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
HDFC BANK
AXIS BANK
standard chartered
SBI card
citi Credit Cards
FEDERAL BANK
kotak
अमित सेल्स
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
संपर्क : 88199 00083
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
नियम व शर्तें लागू*
*OFFER ON SELECTED BRANDS * T&C APPLY
SONY SAMSUNG LG mi ONEPLUS EUREKA FORBES Your friend for life KENT Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN Symphony

## खबर संक्षेप

### सेमरिया स्कूल के 12वीं का नतीजा 100 प्रतिशत

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (समोदा) का रिजल्ट इस वर्ष भी बहुत शानदार रहा। 12वीं में कुल दर्ज 34 विद्यार्थियों में सभी 34 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें 26 प्रथम व 08 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। वहीं 10वीं बोर्ड में कुल 39 विद्यार्थियों में 37 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें 20 प्रथम, 16 द्वितीय, 01 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए व 02 विद्यार्थी पूरक आए। इस तरह 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.8 प्रतिशत रहा है। 12वीं में स्वीपर एवन कुमार यादव के पुत्र लिमेश यादव ने कला समूह में 87.6 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं विज्ञान समूह से नंदिनी साहू ने 85 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 10वीं बोर्ड में मुकेश कुमार ने 88.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, गोविंद साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय व कुमकुम साहू 86.8 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्रीराम निषाद ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### अक्षय तृतीय आज मनाएंगे, बच्चों में हर्ष

**तिल्दा नेवरा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर गुड्डे गुड़ियों का रीति रिवाज से विवाह कराया जा रहा है। अक्षय तृतीया 10 मई को है। इसी परिपेक्ष में पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 में गुड्डे गुड्डियो का विवाह परंपरागत तरीके से कराया जा रहा है। आज 9 मई को तेल हल्दी मायन का कार्यक्रम किया गया एवं कल 10 मई को विवाह कराया जाएगा।आज पूरे रश्मों के साथ वार्ड के छोटे तालाब में तेल मायन का कार्यक्रम किया गया। साथ ही पूरे विधि विधान पूर्वक यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### सिटी बस में अधिक सवारी, यात्री परेशान

**तिल्दा नेवरा।** खरोरा से रायपुर एवं रायपुर से खरोरा आदि के बीच चलने वाले सिटी बस में जरूरत से ज्यादा यात्रियों को बैठाया जा रहा है, साथ ही अधिकांश यात्री (आधे) यात्री खड़े होकर यात्रा करने मजबूर हैं।

आज जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के रायपुर जिला के ग्रामीण अध्यक्ष योगेश कुमार साहू जो की बुडेरा गांव के उपसरपंच भी हैं उन्होंने आज वीडियो जारी कर उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सिटी बस वालों की मनमानी किस तरह से जारी है ।

साथ ही जितने यात्री सिटी बस में बैठे हैं उतने ही यात्री खड़े होकर सफर करने मजबूर हैं। उन्होंने कहा की सिटी बस को यात्रियों की सुविधा व निजी बस संचालकों को मनमानी रोकने चलाई जाती है, लेकिन अब सिटी बस वाले ही मनमानी कर रहे।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा की सिटी बस को तिल्दा तक चलाया जाए, जिससे तिल्दा नेवरा के लोगो को राहत मिल सके।

### हाई स्कूल परागांव की मीनाक्षी 10वीं में प्रथम

**आरंग।** शासकीय हाई स्कूल पारागांव में कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 83 प्रतिशत रहा। शाला में विद्यार्थीयों की दर्ज संख्या 52 में से 52 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। जिसमें 13 विद्यार्थी प्रथम, 25 विद्यार्थी द्वितीय व 05 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे व 04 विद्यार्थी पूरक व 05 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। जिनमें मिनाक्षी कुंभकार 85.67 प्रतिशत के साथ प्रथम, खुशबू जांगडे 82.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय व तराना यादव 80 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। प्राचार्य जी.आर. टंडन, शिक्षक दिलीप कुमार सुलेमान, सविता गुप्ता, जागेश्वर प्रसाद सोनवानी, सुलभी शुक्ला, राजेश पटेल, सोनम मनहर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### बलरामपुर से आईं पढ़ाई के लिए

**रायपुर।** कक्षा दसवीं की छात्रा बॉबी मिंज ने 97.17 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। उन्हें 600 में 583 अंक हासिल हुए हैं। बॉबी बलरामपुर जिला की निवासी है। उनकी पढ़ाई प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी में चल रही है। वह अपने माता-पिता से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। घर से दूरी को भी कभी हावी नहीं होने दिया।

# 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पर आए पूर्ण दृष्टि और अस्थि बाधित विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा विकास खंड के बी एन बी हायर सेकेण्डरीस्कूल नेवरा में कक्षा बारहवी के कला संकाय में अध्ययनरत पूर्ण दृष्टि बाधित छात्र नीरज कुमार पिता रुपेश कुमार साहू ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बारहवी की परीक्षा में 65% अंक के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार, समाज, विद्यालय का नाम रौशन किया है ।

## समावेशी शिक्षा की सार्थकता को सिद्ध किया



### समावेशी शिक्षा के अंतर्गत समग्र शिक्षा

*शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को जीवन की मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाएं, कार्यक्रम, सुविधाएं एवं उपकरण प्रदान करती है I दिव्यांगता की जाँच उपरांत उकरण, छात्रवृत्ति, दिव्यांगता प्रमाण पत्र आदि बनाने की पूरी प्रक्रिया के साथ लाभ प्रदान किया जाता है ।*

*बच्चों की इस उपलब्धि में माता - पिता, शिक्षकगण, प्राचार्य, विकास खंड स्रोत केंद्र के बी आर पी एवं विकास खंड स्रोत समन्वयक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है I बी एन बी के प्राचार्य श्री राजेश चंदानी, सरोरा के प्राचार्य श्री अनिल कुमार वर्मा बी आर सी सी श्री संतोष शर्मा एवं बी आर पी श्रीमती सुविधा सिंह, कार्यालय के समस्त स्टॉफ ने बच्चों के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए अशेष शुभकामनायें प्रेषित किये है।*

इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरोरा में कक्षा बारहवी जीवविज्ञानं संकाय में अध्ययनरत छात्र मुकेश पाल पिता मोहित पाल निवासी ग्राम सरोरा ने 77% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर ग्राम, विद्यालय, परिवार, समाज को एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## शुक्रवार मध्यरात्रि पश्चात 11 मई को 2 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी तृतीया तिथि

# शुक्रवार तड़के 4 बजकर 17 मिनट पर प्रारंभ हुई अक्षया तिथि कल होगा समापन, बच्चों ने निभाई तेल-मायन की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अक्षय तृतीया शुक्रवार को प्रातः 4 बजकर 17 मिनट पर शुरू हो गई है। इसका समापन आज रात 12 बजे के बाद 11 मई को 2 बजकर 50 मिनट पर होगा। हालांकि अक्षय तृतीया पर किसी विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन सुबह 5 बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक पूजन विशेष लाभकारी होगा। लाभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 6 बजकर 51 मिनट से सुबह 8 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही अमृत चौघड़िया मुहूर्त सुबह 8 बजकर 28 मिनट से सुबह 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। इसके बाद फिर शुभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह 11 बजकर 43 मिनट से दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक रहेगा।



### बन रहे हैं ये योग

इस बार अक्षय तृतीया के दिन बहुत ही अच्छे और दुर्लभ योग बन रहे हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि यानी वृषभ राशि में मौजूद होंगे। सूर्य भी अपनी उच्च राशि यानी मेष में मौजूद होंगे। सूर्य-चंद्रमा दोनों ही अक्षय तृतीया पर उच्च राशि में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और रवि, धन, गजकेसरी, शुक्रादित्य, शश, लक्ष्मी नारायण और त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग रहेगा।



### बच्चों ने पूरे किए विधान

अक्षय तृतीया पर छोटे बच्चे गुड्डे-गुड़ियों का विवाह करवाते हैं। शुक्रवार को होने वाले फेरे से पहले बच्चों ने तेल-मायन सहित अन्य परंपराएं निभाईं। पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने विवाह की सभी रस्में ना सिर्फ पूरी की बल्कि अपने सगे-संबंधियों तथा पड़ोसियों को विवाह में शामिल होने न्योता भी दिया। गली-मोहल्लों में पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा।

## टोहड़ा हाई और हायर सेकंडरी स्कूल की सौरभ, रोशनी एवं आकांक्षा ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




छ ग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं 2023-24 की परिणाम बीते दिवस घोषित कर दिए है जिसमे टोहड़ा हाई स्कूल के सौरभ वर्मा ने 89.16 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान पर रह वंही उसी घर के छोटी बहन रोशनी वर्मा ने 86.50 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।साथ ही ग्राम भिम्भौरी के डॉ कैलाश वर्मा की सुपुत्री कु आकांक्षा वर्मा ने बारहवीं में 84.8 प्रतिशत के साथ कक्षा में भी उच्चतम स्थान पर रहे।

गौरतलब है कि बीते वर्ष बारहवीं की टॉपर रौनक वर्मा व कु साक्षी वर्मा (छपोरा) 92.22 प्रतिशत के साथ प्रथम आयी थी जो सौरभ व रोशनी उसी घर की भाई बहन है,जबकि आकांक्षा वर्मा भांजी है। टोहड़ा स्कूल के परिणाम शुरू से ही शतप्रतिशत आते ही रहे है जिसके कारण आस पास में बच्चों की पढ़ाई के लिए बच्चे दाखिला होने विद्यार्थियों आते ही रहती है।सौरभ वर्मा के पिता मुकेश वर्मा व माता श्री मति चमेली वर्मा है जो शिक्षिका भी है ,उसी घर से कु रोशनी वर्मा के पिता श्री राजेश वर्मा व माता श्री मति प्रेमलता वर्मा है एंव ग्राम भिम्भौरी से कु आकांक्षा की पिता डॉ कैलाश वर्मा एंव माता श्री मति अनिता वर्मा है ,वंही छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के छात्रावास अध्यक्ष व जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष श्री अनिल वर्मा (छपोरा)के सौरभ व रोशनी मामा की सुपुत्र व सुपुत्री है और आकांक्षा वर्मा (भिम्भौरी)भांजी है।सभी बच्चे को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये के साथ कोटिश शुभकामनाये स्कूल स्टाफ द्वारा दी गयी है।

# टेकारी में डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी, पुलिस मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



विधानसभा थाना के अंतर्गत रिंग रोड नंबर 3 में ग्राम टेकारी फोर लाइन के पास स्थित बाबा बिरियानी होटल के बाजू में संजय साव नामक व्यक्ति द्वारा मंदिर हसौद डिपो से आने वाली टैंकर से पेट्रोल डीजल निकाल कर चोरी कर खुले बाजार में बेचा जा रहा है। धरसीवां जनपद पंचायत के पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने टैंकरों से चोरी किए गए पेट्रोल, डीजल की कालाबाजारी की शिकायत विधानसभा टीआई फोन किया लेकिन फोन नहीं उठाया सरकारी नंबर पर टेक्स्ट मैसेज भी किया ।

जानकारी देने के बाद भी उक्त कालाबाजारी करने वाले व्यक्ति के ऊपर कार्यवाही नहीं करना मिली भगत की ओर इशारा करता है।पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे बताया कि इसी तरह सिलतरा चौकी के अंतर्गत आने वाले रिंग रोड नंबर 3 धनेली में शुभम राज कबाड़ी द्वारा मंदिर हसौद डिपो से आने वाली टैंकरों में से ड्राइवर की मिली भगत से पेट्रोल डीजल निकाल कर कालाबाजारी किया जा रहा है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत गैरकानूनी है न ही पुलिस विभाग कार्रवाई कर रही है न ही खाद्य विभाग कार्यवाही कर रही है,पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कहीं ना कहीं भाजपा सरकार के नुमाइंदे के द्वारा कमीशन खोरी के चलते पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी धड़कके से जारी है।

# रोगियों के स्वस्थ होने में नर्स का व्यवहार है अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व नर्स दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में गुरुवार को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एम्स के नर्सिंग ऑफिसर्स ने 60 यूनिट रक्तदान किया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने शिविर को एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थान में नर्सिंग अधिकारियों का विशेष



महत्व होता है। यह रोगी के साथ चिकित्सक की अपेक्षा अधिक समय व्यतीत करते हैं। अतः अपने व्यवहार से यह रोगी को ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने रक्तदान शिविर सहित विशेष सामाजिक कार्यों के लिए भी नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रोत्साहित किया।

### आम नागरिकों को भी किया प्रेरित

रक्तदान शिविर का आयोजन एम्स नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बंटी कुमार, विशोक एन, चिदंबर कुलकर्णी, श्रीनिवास कुलकर्णी, ओमराज, अजय सिंह, भंवर परिहार, रश्मि जैन, विद्याश्री, रविचंद्र, रवि किरण, प्रदीप जक्का, महेंद्र शर्मा, अर्पित शर्मा, नरेंद्र विश्नोई, कनकराज आदि ने शिविर में भाग लिया। अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

## सोशल मीडिया का प्रयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए

**रायपुर।** दसवीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आई तनीषा सिंग का सपना है कि वह बड़ी होकर आईएएस ऑफिसर बने। वर्तमान में तनीषा ने 9वां स्थान प्राप्त कर 97.33 प्रतिशत हासिल किए हैं अर्थात उन्हें 600 में 584 अंक मिले। तनीषा ने बताया, सत्र के प्रारंभ से नियमित समय में रोजाना पढ़ाई करती रही। परीक्षा के एक माह पूर्व रिवीजन करना शुरु किया। मुझे पता नहीं था कि मेरा नाम टॉप-10 में आया है, मेरे दोस्तों ने कॉल कर मुझे बधाई दी, जिसके बाद मुझे इसकी जानकारी हुई। कुछ बच्चे सोशल मीडिया का गलत उपयोग करते हैं, लेकिन मैनें पढ़ाई के संबंध में इसका उपयोग किया। प्रत्येक विषय के लिए एक निश्चित समय तय कर पढ़ाई करती हूं।



# बच्चों संग बड़ों को भी मोबाइल एडिक्शन से बचाने दे रहे टिप्स

**रायपुर।** सामाजिक संस्था विकास परिषद् द्वारा संचालित नूतन स्कूल में 40 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसे 1 मई से 10 जून तक संचालित किया जाएगा। निःशुल्क समर कैंप के दौरान शहर के अनेक विद्यालय के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें अनेक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसमें ड्राइंग, स्पोकन इंग्लिश, कराटे, योग-प्राणायाम, कंप्यूटर, सिलाई, संगीत,नृत्य,



हस्तकला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान आकर्षण का केंद्र मोबाइल एडिक्शन एवं कॅरियर गाइडेंस की सुविधा है। जो प्रत्येक माता-पिता एवं उपस्थित बच्चों को दिया जा रहा है। बच्चों संग बड़े भी मोबाइल से दूर रहने यहां पहुंच रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह से छोटे-छोटे कदम उठाकर वे मोबाइल की लत छोड़ सकते हैं। कई पालक अपने बच्चों को लेकर यहां पहुंच रहे हैं।

### 17 सालों से दे रहे निःशुल्क प्रशिक्षण

*समर कैंप प्रभारी सुनीता रायकवार एवं रमा मजूमदार ने बताया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को किताब, मनोरंजन व अन्य गतिविधियों से जोड़े रखना है। इस समर कैंप का आयोजन बीते 17 सालों से किया जा रहा है। कैंप के दौरान बच्चियों के कौशल विकास के लिए सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, क्रोम,जरी वर्क, पॉट वर्क का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लड़के भी इसमें शामिल हो सकते हैं, लेकिन लड़कियां अधिक दिलचस्पी दिखा रही हैं। इस मौके पर 500 से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। इच्छुक बच्चे ऑन स्पॉट जाकर पंजीयन करा सकते हैं।*

## राजधानी से सिर्फ लड़कियां ही मेरिट लिस्ट में, इसमें भी शहरी बच्चे गायब

# सिलाई करते हुए परीक्षा की तैयारी, कोई चलाता है किराना दुकान किसी के पिता किसान, लेकिन डटे रहे धैर्य का दामन थामे

**रायपुर।** मेरिट लिस्ट में जगह बनाने इन्हें भी कड़ा संघर्ष करना पड़ा। टॉप-10 में जगह बनाने वाली राजधानी की बेटियों में से किसी से पिता संग किसानी में मदद की, किसी ने सिलाई-कढ़ाई में मां का हाथ बंटाया तो किसी ने किराने की दुकान में सहयोग दिया। मुश्किलों के बाद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ और लक्ष्य प्राप्ति के लिए वे डटे रहे। परिणाम आने के बाद बेटियों के घरों में जश्न का माहौल रहा।

### पहली बार... बारहवीं में नतीजे 80 प्रतिशत के पार

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दसवीं कक्षा का परिणाम 75.05 प्रतिशत रहा था। इस बार परिणाम 75.61 प्रतिशत रहे हैं। इस तरह से नतीजे बीते वर्ष की तुलना में 0.56 प्रतिशत बेहतर रहे हैं। बीते वर्ष बारहवीं कक्षा के नतीजे 79.96 प्रतिशत रहे थे। इस बार परिणाम 80.74 प्रतिशत रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 80 फीसदी से अधिक है।

### जिला स्तर पर होगा विशेष सम्मान

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही इन छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले का नाम रोशन करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम प्राप्त करें।

गुरुवार दोपहर 12 बजे छात्र टकटकी लगाए माशिम की वेबसाइट देखते रहे। जैसे ही 12.30 को परिणाम जारी हुए वेबसाइट क्रैश हो गई। छात्र घंटेभर मशक्कत के बाद ही परिणाम देख सके। इस बार दसवीं में रायपुर से 4 छात्राओं ने जगह बनाई है। चौथे नंबर पर अंशिका सिंह, आठवें नंबर पर रिया सिंह, नवमे पर तनीषा सिंह और दसवें नंबर पर बॉबी मिंज हैं। वहीं बारहवीं कक्षा में मात्र एक छात्र हिमांशी वर्मा छठवां स्थान प्राप्त कर मेरिट में जगह बनाने कामयाब रही। खास बात यह रही कि इस बार मेरिट लिस्ट में शहर से सिर्फ लड़कियों ने ही जगह बनाई। जिले से किसी भी लड़के को मेरिट लिस्ट में जगह नहीं मिल सकी।

## वेदमती शैली में हाथ में तमूरा-करतल ले पेश किए द्रौपदी स्वयंवर के संवाद



**रायपुर।** आदि पर्व की कथा को वेदमती शैली में गीत-संगीत के साथ सुनने और भाव-भंगिमाओं को देखने के लिए कला प्रेमियों की भीड़ पंडवानी के लिए सजाए गए मंच के सामने गुरुवार की रात 8 बजे से देखने को मिली। डंगनिया स्थित भगवान परशुराम मंदिर में इस बार भी जन्मोत्सव व वार्षिक उत्सव की श्रृंखला में लोग शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज द्वारा सजाए गए 5 दिवसीय उत्सव की श्रृंखला अब आगे बढ़ रही है। उत्सव में दूसरे पायदान पर दर्शकों के बीच बालोद के पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी ने द्रौपदी स्वयंवर के संवादों को भाव-भंगिमाओं के साथ सजाए गए मंच पर प्रस्तुत किया।

रागी परसराम यादव ने भी रोचक अंदाज में आदि पर्व की कथा और संवादों से लोगों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। पंडवानी की पारंपरिक विधा को देखने के लिए हर वर्ग के लोग उत्सव में शामिल हुए। देर रात तक पंडवानी का आनंद लेने लोग डटे रहे। पारंपरिक शैली में पेश की गई गाथाओं ने सभी का मन मोहा। बुजुर्गों संग बड़ी संख्या में युवा भी इसका हिस्सा बने।

### परशुराम मंदिर में 5 दिवसीय उत्सव, पंडवानी सुनने डंगनिया में रही भीड़



### पारंपरिक वाद्ययंत्रों ने जमाया रंग

द्रौपदी महाभारत की कथाओं के अनुसार पांचाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री थी। राजा के संकल्प को ब्राह्मण वेश में अर्जुन ने पूरा किया। इस कथा से जुड़े संवादों की श्रृंखला तीन घंटे चली। संगठन प्रमुख शिवांजल शर्मा ने बताया, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के जरिए कलाकारों ने रंग जमाया। उत्सव में शुक्रवार को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर सुबह 8 बजे से पूजा, अभिषेक, हवन व परशु स्थापना की जाएगी। संध्या 7 बजे से महाआरती होगी। इसके बाद भक्तों के लिए महाभंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा।